इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, मंगलवार, 24 सितम्बर 2024

जो व्यक्ति भी विकास के लिए खड़ा है उसे हर एक रूढ़िवादी चीज की आलोचना करनी होगी , उसमे अविश्वास करना होगा तथा उसे चुनौती देनी होगी।
-भगत सिंह

वर्ष 17 अंक 24 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

तापमान - अधिकतम 36.3°C (+3.1) न्यूनतम 26.0°C(+2.4) सेंसेक्स 84,928.61 (+384.30) निफ्टी 25,939.05 (+148.10) सोना 76,300 चांदी 93,000 मुद्रा - डालर 83.53 दिरहम 22.74 रियाल 22.27

प्रो. अब्बास अली मेहदी को मिला यूपी रत्न पुरस्कार

लखनऊ (सं)। प्रो. अब्बास अली मेहदी को यू.पी. रत्न पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनको सिटी मॉन्टेसरी स्कूल गोमती नगर शाखा के ऑडिटोरियम में आयोजित एक समारोह में सांसद राज्यसभा व पूर्व डीजीपी बृज लाल, उत्तर प्रदेश द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश शर्मा और प्रो. गीता गांधी की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

प्रो. मेहदी पिछले 39 वर्षों से अधिक समय से शोध और शिक्षण में शामिल हैं और उनके 415 प्रकाशन हैं, जिनमें 32 पुस्तक अध्याय, बारह पुस्तकें शामिल हैं। उन्होंने 27 पी.एच.डी., 4 एम.फिल. और 200 से अधिक एमडी/एमएस/एमडीएस/डीएम छात्रों का मार्गदर्शन के साथ प्रतिष्ठित डीएसटी-एफआईएसटी और द वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंस, इटली (टीडब्ल्यूएएस) परियोजनाओं सहित पचास से अधिक शोध परियोजनाओं के पर्यवेक्षण के रूप में कार्य किया है। पिछले चार वर्षों से स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय, यूएसए द्वारा दर्ज की गई भारत के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की विश्वव्यापी रैंकिंग में भी उनका नाम सूचीबद्ध है।

प्रो. मेहदी को एम्स भोपाल से डी.एस.सी. (ऑनर कॉसा), नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (इंडिया), एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल बायोकेमिस्ट्स ऑफ इंडिया और इंडियन एकेडमी ऑफ बायोमेडिकल साइंसेज की फेलोशिप सहित लगभग दो दर्जन अकादमिक/शोध पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उन्होंने क्लिनिकल बायोकेमिस्ट्री, मेटल टॉक्सिसिटी, फ्री रेडिकल बायोलॉजी और विभिन्न रोगों के पैथो-फिजियोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी योगदान दिया है।